राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने छत्रपति शिवाजी जयन्ती पर बधाई और शुभकामनाएं दी

जयपुर, 18 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने छत्रपति शिवाजी जयन्ती (19 फरवरी) पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि शिवाजी भारतीय संस्कृति में रचे–बसे ऐसे महान शासक थे जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए निंरतर संघर्ष किया। मराठा साम्राज्य में छत्रपति के रूप में मान्य शिवाजी ने प्रजा को योग्य एवं प्रगतिशील प्रशासन प्रदान कर राष्ट्र को निरंतर गौरवान्वित किया।

राज्यपाल ने शिवाजी के रण कौशल के अंतर्गत छापामार युद्ध शैली को याद करते हुए कहा कि शिवाजी महान शासक ही नहीं थे, भारतीय संस्कृति के भी बहुत बड़े पोषक थे। उन्होंने जयंती पर उनके आदर्श अपनाने का आह्वान किया है।

———